रविवार

12 मार्च, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



स्पीडी ट्रायल से अपराधियों के छक्के छुड़ा रही बक्सर पुलिस 3



**नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामला : पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की बेटियों व करीबियों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने की जांच**


# छापेमारी में ईडी को मिले एक करोड़ नकद व सवा करोड़ के जेवर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटियों और करीबी सहयोगियों के ठिकाने पर छापेमारी की। ईडी ने शनिवार को बताया कि छापेमारी के दौरान उसे 1 करोड़ रुपये नकद, 1900 अमेरिकी डॉलर, करीब 540 ग्राम गोल्ड, सोने के 1.5 किलोग्राम जेवरात (इसकी कीमत करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपये) और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं। ईडी के मुताबिक, मामले की तहकीकात के दौरान पता चला कि करीब 600 करोड़ रुपये में से 350 करोड़ की अचल संपति खरीदी गई और 250 करोड़ रुपये बेनामी प्रोपर्टी के जरिए रूट्स किये गए। जांच में सामने आया कि इसमें से ज्यादातर जमीन पटना के पॉश इलाकों में गलत तरीके से तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव के जरिए भारतीय रेलवे में जॉब देने के नाम पर हड़प ली गई। इनकी आज के दौर में कीमत 200 करोड़ रुपये है।

जिनके नाम पर बेनामी प्रोपर्टी, शेल कंपनी और जिन्हें फायदा पहुचाया गया उनकी पहचान की गई है। न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी का बंगला मेसर्स एबी एक्सपोर्ट प्राइवेट के नाम पर है, जबकि असल मे उस पर नियंत्रण बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और उनके परिवार का है।

## गलत तरीके से हड़पी जमीन की कीमत 200 करोड़ रु है







कागजों में इस प्रोपर्टी की कीमत महज 4 लाख रुपये दिखाई गई है, लेकिन इसकी असली कीमत 150 करोड़ रुपये है। जांच के दौरान पता चला कि कब्जा की गई जमीन के चार टुकड़े ऐसे थे जो साढ़े सात लाख रुपये में ग्रुप डी की जॉब दिलाने में खरीदी गई। उसे बाद में आरजेडी के पूर्व विधायक अबू दोजाना को साढ़े तीन करोड़ में बेच दिया गया। ये पैसे ज्यादातर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बैंक अकाउंट में भेजे गए। ईडी ने दावा किया कि कई रेलवे जोन में 50 प्रतिशत से ज्यादा नौकरी पाने वाले लोग लालू यादव के परिवार के विधानसभा क्षेत्र से थे। शनिवार को तेजस्वी यादव को सीबीआई द्वारा समन जारी किया गया है।

## तेजस्वी यादव को सीबीआई ने जारी किया समन

### क्या है मामला?

आरोप है कि 2004-2009 के दौरान भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में समूह डी में विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में उन्होंने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों और एके इंफोसिस्टम प्रा. लि. को स्थानांतरित की थी। आरोप है कि पूर्व सीएम राबड़ी देवी समेत उनके परिवार ने अवैध रूप से अधिग्रहीत ऐसे चार भूखंडों को मेरिडियन कंस्ट्रक्शन इंडिया लिमिटेड नामक कंपनी को 7.5 लाख रुपये की कीमत पर बेच दिया जबकि भूखंडों का बाजार रुपये साढ़े तीन करोड़ रुपये था।

## महागठबंधन सरकार बनते शुरू हो जाती है रेड: नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को लालू प्रसाद यादव के परिवार और आरजेडी नेताओं पर हुई रेड को लेकर पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि रेड आज से हो रही, ये तो पांच साल से चल ही रही है। हम लोग (महागठबंधन) सरकार बनाते हैं कि रेड शुरू हो जाती है। अब क्या मामला है, इसमें क्या कहा जाए? जिनके यहां पर रेड हुई उन्होंने तो बताया ही है कि क्या है। तेजस्वी यादव पर समन को लेकर कहा कि जिसके साथ हुआ है वो तो जवाब दे ही रहें, हम क्या बोलेंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से लेकर अब तक कहीं पर कुछ होता है उस पर हम कुछ नहीं बोलते हैं। साल 2017 में हुआ था तो भी हम कुछ नहीं बोले। उस वक्त इन कारणों से आरजेडी और जेडीयू अलग हो गई थी। अब पांच साल बाद फिर से रेड हो रही क्योंकि हम लोग साथ आए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि साल 2017 में वहां बात हुई तो वहां के लोगों की बात मान ली और हम उनके (बीजेपी) के साथ चले गए उनके साथ। फिर इधर आए हैं तो ये सब शुरू हो गया है। अब क्या कहा जाए इसमें, जो भी मामला है। समझ में नहीं आ रहा है। शनिवार को उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि जब भी बिहार में महागठबंधन सरकार बनती है, ये सब होने लगता है।

## लालू व उनके परिवार को कोई नहीं बचा सकता: सुमो

पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने शनिवार को ईडी की कार्रवाई को लेकर लालू परिवार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लालू यादव और उनके परिवार को कोई नहीं बचा सकता। सीबीआई के पास पुख्ता सबूत हैं। सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार आसानी से बदल जाते हैं। उन्हें लगता है कि लालू यादव और कांग्रेस को समर्थन देकर उन्हें प्रधानमंत्री का पद मिल सकता है, तो उन्हें बस ये लगता है। वहीं, उन्होंने लालू यादव पर ईडी की कार्रवाई पर सीएम नीतीश और ललन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश और ललन सिंह के बोलने से ही तो लालू यादव जेल गए। आज लालू यादव चार मामलों में सजायाफ्ता हैं तो इसके जिम्मेवार नीतीश कुमार ही हैं। आज भले ही ये लोग बदल जाए और लालू यादव के पक्ष में खड़े हो जाए। 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी की हार को लेकर दिए गए महागठबंधन के बयान पर पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि अभी बिहार में तीन सीटों पर उपचुनाव हुए थे जिसमें बीजेपी दो सीटों पर जीत गई और एक सीट पर किसी पार्टी की जीत नहीं हुई वो अनंत सिंह की जीत थी। सात दल मिलकर चुनाव लड़े इसके बाद भी बीजेपी को दो सीटों पर महागठबंधन नहीं हारा पाई। 2024 में हम देख लेंगे कि महागठबंधन की क्या ताकत है।

## विपक्ष के सारे नेताओं का एनकाउंटर करवा दिया जाए तो चैन से सो पाएंगे मोदी : संजय

**नई दिल्ली।** आए दिन विपक्षी दल केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच शनिवार को आप नेता संजय सिंह ने कहा कि विपक्ष को मार दिया जाएगा तो मोदी चैन से रह पाएंगे। आप सांसद संजय सिंह ने ट्वीट किया, वैसे मेरा एक सुझाव था. अगर विपक्ष के सारे नेताओं का एनकाउंटर करवा दिया जाए तो कम से कम पीएम मोदी सुकून से 8 घंटे सो पाएंगे। न विपक्ष रहेगा न लोकतंत्र। बचेगी तो सिर्फ तानाशाही। दरअसल सीबीआई ने दिल्ली की आबकारी नीति (जिसे अब वापस ले लिया गया है) में कथित गड़बड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था. इसके बाद ईडी ने इसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जांच कर रही है। हाल ही में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल की आप, शरद पवार की पार्टी एनसीपी और ममता बनर्जी सहित आठ राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त पत्र लिखा था।

### ललन सिंह बोले... यह अघोषित आपातकाल

राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने ट्वीट में लिखा कि नौकरी के बदले जमीन मामले में सीबीआई दो बार जांच कर साक्ष्य नहीं जुटा पाई, लेकिन 9 अगस्त 2022 के बाद अचानक दिव्यशक्ति से उनको साक्ष्य मिलने लग गया। लालू प्रसाद और उनके परिजनों के यहां भारी छापेमारी हुई, खोदा पहाड़ निकली चुहिया। साक्ष्य नहीं भी मिलता तो साक्ष्य दिखाने के लिए पालतू तोतें कुछ भी कर सकते हैं। आगे लिखा कि गाय का सींग भैंस में और भैंस का सींग गाय में जोड़ रहे हैं। अखबार कहता है- एके इंफोसिस्टम के कारण छापा डाला गया है जिसका नौकरी से कोई लेना-देना नहीं है। ललन सिंह ने ट्वीट में लिखा कि खैर पालतू तोतें अपने मालिक का निर्देश पाकर कुछ भी कर सकते हैं, अघोषित आपातकाल जो है। गर्भवती महिला और छोटे-छोटे बच्चों के साथ इस तरह का निर्मम आचरण देश में पहली बार हुआ है, देश इसको याद रखेगा।

# बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम में जरूरत के अनुसार कर्मचारियों को नियुक्त करें : नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को बिहार संग्रहालय समिति की शासी निकाय की द्वितीय बैठक हुई। बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से शासी निकाय के विभिन्न एजेंडों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार म्यूजियम एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का संग्रहालय है, जहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस संग्रहालय का प्रबंधन और कार्यकलाप का संचालन बेहतर ढंग से करते रहें। बिहार म्यूजियम की डिजाइन अंतरराष्ट्रीय टीम के द्वारा की गयी है। यह अद्भुत और विशिष्ट है। इस संग्रहालय का मेंटेनेंस अति महत्वपूर्ण है, इस पर विशेष ध्यान दें। बिहार म्यूजियम में लगाये गये प्रदर्शों के ऐतिहासिक तथ्यों को बड़े शब्दों में और सहज ढंग से हिन्दी और अंग्रेजी में अंकित किया जाय ताकि लोगों को उस प्रदर्श के संबंध में ठीक ढंग से जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विद्यालय परिभ्रमण योजना के तहत



बच्चे-बच्चियों को यहां भ्रमण कराते रहें ताकि वे ऐतिहासिक चीजों को बेहतर ढंग से जान सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना म्यूजियम का भी विस्तार किया जा रहा है। पटना म्यूजियम और बिहार म्यूजियम को आपस में अंडर ग्राउंड कनेक्ट किया जा रहा है जब यह बनकर तैयार हो जाएगा तो यह भी अद्भुत होगा। इससे बाहर से आनेवाले लोगों को दोनों संग्रहालयों का एक साथ अवलोकन करने में सहूलियत होगी। पटना म्यूजियम और बिहार म्यूजियम दोनों म्यूजियमों की व्यवस्थाओं के एक साथ बेहतर प्रबंधन और संचालन के लिए एक कमिटी बनाई गई है। कमिटी सभी चीजों की देखभाल करने के साथ ही अपने कार्य को ठीक से क्रियान्वित करते रहे। बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम का मेंटेनेंस ठीक ढंग से कराते रहें, इसके लिए अधिकारी, अभियंता और कर्मचारी की आवश्यकता हो तो उनकी भी नियुक्ति कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई बड़े-बड़े आइकॉनिक भवन बनाए गए हैं। सरदार पटेल भवन, सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय चाणक्या लॉ यूनिवर्सिटी जैसे कई संस्थानों के विशिष्ट भवन बनाए गए हैं, उन सभी का भी मेंटेनेंस ठीक ढंग से कराते रहें।

# जिन सीटों पर बीजेपी कमजोर वहां मोदी संभालेंगे जिम्मेदारी

**मिशन 2024**

**एजेंसी/नई दिल्ली**

- बीजेपी कार्यकारिणी की बैठक में पिछले चुनाव में 160 सीटों पर मिली हार पर रणनीति को लेकर हुई चर्चा
- पार्टी ने इन सभी सीटों पर पीएम मोदी की रैलियां करवाने का बनाया है प्लान

देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। बीजेपी अभी से मिशन 2024 जुट गई है। पार्टी ने ऐसा प्लान बनाया है, यदि वह कामयाब हो गया तो पार्टी को तीसरी बार सत्ता में वापसी करने से कोई रोक नहीं सकता। इस प्लान के तहत पार्टी का फोकस उन सीटों पर जिन्हें वह 2019 में हार गई थी। अबकी बार बीजेपी का फोकस इन सीटों को जीतने पर भी है। इसके लिए पार्टी ने अपने सबसे लोकप्रिय नेता यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही मैदान में उतार दिया है।

बता दें कि 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 160 सीटों पर जीत हासिल नहीं हुई थी। इस बार इन सीटों पर कमल खिलाने की जिम्मेदारी पीएम मोदी की है। पार्टी ने इन सीटों पर पीएम मोदी की रैलियां करवाने का प्लान बनाया है। शनिवार को बीजेपी कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी 160 सीटों पर रणनीति को लेकर चर्चा हुई।

**शाह-नड्डा ने संभाल रखी है कमान:** पार्टी ने पिछले साल दिसंबर से ही मिशन 160 पर काम शुरू कर दिया था। इन सीटों पर अपना जनाधार बढ़ाने की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को सौंपी गई है। लोकसभा प्रवास अभियान के तहत पार्टी नेताओं को इन सीटों पर विशेष फोकस करना है। पिछले साल दिसंबर के अंत में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा प्रवास अभियान 2.0 को हरी झंडी दिखाई थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद इसी अभियान के तहत इन सीटों पर प्रवास कर रहे हैं। इन 160 में से सबसे ज्यादा 24 सीटें पश्चिम बंगाल की हैं. यहां पार्टी को पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी।

# उमेश पाल हत्याकांड मामले में बरेली जेल में छापा

**बरेली।** उमेश पाल हत्याकांड की जांच को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार शाम को डीआईजी जेल आरएन पांडे ने बरेली जेल में छापा मारा। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके बयान लिए गए। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला गया। इसी जेल में माफिया अतीक अहमद का भाई अशरफ पिछले ढाई साल से बंद है। पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण इनपुट हाथ लगे हैं। लेकिन उसे मीडिया से साझा नहीं किया गया है। अधिकारियों ने जल्द उमेश पाल हत्याकांड के सभी आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है। इससे पहले 27 फरवरी को डीआईजी बरेली अखिलेश चौरसिया और डीएम शिवाकांत द्विवेदी ने बरेली जेल में छापा मारा था।




**जनसंख्या के आधार पर पुलिस बल की संख्या बढ़ाने के लिए की जा रही तैयारी**

# बिहार पुलिस विभाग में होने वाली है बंपर बहाली, रहें तैयार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार पुलिस विभाग में बंपर बहाली होने वाली है. हाल ही में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चेतन प्रसाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई है। इसमें बहाली की प्रक्रिया को तेज करने का निर्णय लिया गया है। गृह विभाग ने पुलिस मुख्यालय को एक सप्ताह में रोस्टर क्लियर करके भेजने की बात कही है जिससे कि बहाली की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। बिहार में जनसंख्या के आधार पर पुलिस बल की संख्या बढ़ाने के लिए यह तैयारी की जा रही है। वहीं महिला सुरक्षा के लिए भी यह कदम उठाया गया है।

**31 मार्च तक रोस्टर तैयार करने का आदेश:** गृह विभाग ने रोस्टर तैयार करने को कहा है जिसमें 48 हजार 447 सिपाहियों की



बहाली की जाएगी। इसमें डायल 112 परियोजना के पहले चरण में 7 हजार 808 और दूसरे चरण में 19 हजार 288 बहाली होगी। विभाग का कहना है कि इससे जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की जाए ताकि 31 मार्च तक आरक्षी पार्षद को रोस्टर तैयार करके सौंपा जा सके। इसके बाद विभाग सिपाहियों की बहाली की प्रक्रिया तेज कर सके। अपर मुख्य सचिव चेतन प्रसाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक भी हो चुकी है।

### राज्य में डायल 112 को मजबूत करने की तैयारी

बैठक के बाद चयन पार्षद सिपाहियों की बहाली की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू कर देंगे। बता दें कि डायल 112 महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसको मजबूत करने की तैयारी की जा रही। इतनी बड़ी संख्या में बहाली करने का फैसला महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने किया है। देखा जाए तो बिहार में प्रति एक लाख की जनसंख्या पर 115 से 120 पुलिस बल की संख्या बढ़ती है। बहाली के बाद प्रति एक लाख की जनसंख्या पर पुलिस बल की संख्या 165 और 170 हो जाने का अनुमान है।

# राज्यस्तरीय प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे कुष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट व संबंधित कर्मी

**केटी न्यूज/सासाराम**

❒ कुष्ठ उन्मूलन को लेकर दो दिवसीय समीक्षात्मक बैठक व पुनः संवेदीकरण कार्यक्रम का होगा आयोजन

कुष्ठ बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। साथ ही कुष्ठ से पीड़ित हो चुके लोगों में कुष्ठ को बढ़ने से रोकने एवं दिव्यांगता से बचाने का भी प्रयास किया जा रहा है। कुष्ठ चिकित्सकों के अनुसार यदि शुरूआत में ही कुष्ठ को बढ़ने से न रोका गया तो यह बीमारी विकलांगता के स्टेज तक पहुंचा देती है। इसलिए शुरूआती दौर में ही कुष्ठ की पहचान कर इसका इलाज जरूरी है। कुष्ठ से पीड़ित मरीजों को फिजियोथेरेपी के माध्यम से शरीर में जटिलताओं, विकृतियों और अक्षमता को रोका या कम किया जा सकता है। इस फिजियोथेरेपी विधि को और बेहतर करने के लिए आगामी 14 मार्च को रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी प्रखंड के रूद्रपुरा स्थित मॉडल लेप्रॉस कंट्रोल यूनिट में लेप्रोसी विभाग के फिजियोथेरेपी और चिह्नित कर्मियों के लिए दो दिवसीय समीक्षात्मक बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 14 से 15 मार्च तक आयोजित दो दिवसीय समीक्षात्मक बैठक एवं पुनः संवेदीकरण में



रोहतास, अरवल, जहानाबाद, कैमूर, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, बक्सर, औरंगाबाद, भोजपुर, नवादा, मुंगेर और बांका के जिला कुष्ठ निवारण केंद्र में कार्यरत फिजियोथेरेपिस्ट और इससे जुडे कर्मी भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम में डीएफआईटी से आए कर्मी, कुष्ठ विभाग से जुड़े सभी फिजियोथेरेपिस्ट एवं चिह्नित कर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम से होगा फायदा

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (कुष्ठ) डॉ अशोक कुमार ने बताया कि कुष्ठ एक गंभीर बीमारी है। यदि एक बार हो गया तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता है। परंतु उस बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। इसके लिए समय से कुष्ठ की पहचान जरूरी है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ उन्मूलन को लेकर लगातार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत डीएफआइटी के द्वारा 14 एवं 15 मार्च को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होना है। इसके लिए राज्य कुष्ठ निवारण कार्यालय, पटना से दिशा निर्देश प्राप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि बिहार में मुजफ्फरपुर और रोहतास जिले में मॉडल लेप्रोसी कंट्रोल यूनिट मौजूद है जहां कुष्ठ मरीजों का इलाज एवं ऑपरेशन होता है। एसीएमओ ने बताया कि रुद्रपुरा स्थित मॉडल कुष्ठ कंट्रोल यूनिट में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रोहतास के अलावा 14 जिलों के कुष्ठ विभाग के फिजियोथैथेपिस्ट और संबंधित कर्मी भाग लेंगे।

**फिजियोथेरेपी से दिव्यांगता को रोकना आसान :** सासाराम सदर अस्पताल स्थित जिला कुष्ठ नियंत्रण केंद्र में कार्यरत फिजियोथेरेपिस्ट जितेंद्र कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग में हाथ पैर के साथ-साथ अंगुलियों में टेढ़ापन होने लगता है। ऐसे में यदि समय से इसका इलाज और देखभाल नहीं करें तो यह दिव्यांगता का रूप धारण कर लेती है। ऐसे में जरूरी है कि कुष्ठ की पहचान होने पर फिजियोथेरेपी को अपनाते हुए प्रतिदिन व्यायाम किया जाए तो दिव्यांगता को रोका जा सकता है।

## खबरें फटाफट

### डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**जहानाबाद।** निर्वाचन विभाग के निदेशानुसार डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने शनिवार को ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण किया। वाह्य निरीक्षण के क्रम में वेयरहाउस परिसर की साफ-सफाई तथा सुरक्षा इत्यादि व्यवस्था पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द सफाई कराने का निर्देश दिया। उसके बाद उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी के साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी पूनम कुमारी, राहुल कुमार के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मी भी उपस्थित थे।

### पैसे के विवाद में सास की हत्या

**सासाराम।** जिले के दिनारा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बाजार में पैसे के लेन.देन के विवाद में एक वृद्धा की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के बेटों ने दामाद पर अपनी सास की हत्या करने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक वृद्धा दौलातो कुंवर (67) अपने बेटे के साथ दिनारा में किराया के मकान में रहती थी। दामाद द्वारा अपने साले को उधार में पैसा दिलवाया था। मृतका की बहू पूजा देवी ने बताया कि शुक्रवार शाम दामाद द्वारा पैसा वापस करने को लेकर सास के साथ मारपीट की गई। घायल सास को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्अमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। पुलिस ने आरोपी दामाद रेही सरना निवासी बाबूलाल गुप्ता को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष के अनुसार मृतक के पुत्र शत्रुघ्न कुमार उर्फ नेपाली गुप्ता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### जहानाबाद अनुमंडल में भीम संवाद कार्यक्रम का आयोजन, अशोक चौधरी ने की शिरकत

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण के लिए 1729 करोड़ हुआ राज्य का बजट: मंत्री

- भवन निर्माण मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां और कार्य
- कहा- निजी क्षेत्र में भी एससी/एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जदयू प्रदेश नेतृत्व के द्वारा प्रदेश के हर अनुमंडल स्तर पर भीम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जहानाबाद अनुमंडल में भीम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने किया एवं मंच संचालन अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जुगेश दास ने किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने किया।

भीम संवाद को संबोधित करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी ने जो सपना देखा था उसको माननीय मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने जब से सता संभाली तब से उन्होंने अंतिम पायदान पर रहने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों को आगे बढ़ाने का काम किया है। आज बिहार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण हेतु बजट वर्ष 2022 में बढ़कर 1729 करोड़ रुपए हो गया। माननीय मुख्यमंत्री जी लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए एससी/एसटी वर्गों को पंचायती राज व्यवस्था में एकल पद पर आरक्षण दिया। जिसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोग आज मुखिया, जिला परिषद के अध्यक्ष पद को नगर परिषद् के मुख्य पार्षद पद को सुशोभित कर रहे हैं।

**उद्यमी योजना के तहत दस लाख रुपए तक दी जा रही राशि :** मंत्री अशोक चौधरी ने कहा की निजी क्षेत्र में भी एससी/एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए। इस कार्यक्रम को संबोधित चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जी ने संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के युवाओं युवतियों को उद्यमी योजना के तहत दस लाख रुपए तक की राशि दी जा रही है। इसमें 50 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मगध प्रमंडल प्रभारी विद्यानंद विकल ने कहा की हर जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रावास निर्माण कर छात्रावास में रहने वाले छात्र एवम् छात्राओं को प्रतिमाह 15 किलो मुफ्त अनाज एवं अन्य आवश्यकताओं को पूर्ति हेतु एक हजार रुपए अनुदान दिया जा रहा है।राज्य के सभी जिले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष थानों की स्थापना की गई है।सतत्त जीवकोपार्जन योजना के तहत 60 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है।

सात निश्चय योजना के तहत दलित बस्तियों में प्राथमिकता के आधार पर हर घर नल का जल तथा घर तक नल का जल तथा पक्की गली नली का काम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा, पूर्व विधायक ललन भुइया, पूर्व विधायक अजय पासवान, जगदीश कुशवाहा, जय प्रकाश नारायण चंद्रवंशी, रुबेल रविदास, राजीव नयन उर्फ राजू सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, निरंजन केशव प्रिंस, रंगनाथ शर्मा, डॉ निरंजन कुमार अम्बेडकर, अरविंद दास, अमित कुमार पम्मु, जुगेश दास, अवधेश दास, रामभवन सिंह कुशवाहा, राकेश चौधरी, राजकुमार दास, धनंजय दास, मुरारी यादव, मनीष कुमार, रणधीर पटेल, रामप्रवेश कुशवाहा, गुलाम मुर्तजा अंसारी, विनोद कुमार दांगी, संजय विश्वकर्मा, विनय विद्यार्थी, अजीत कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## एक नजर

### मुआवजे की राशि नहीं मिलने पर एनएच-83 निर्माण कार्य को रोका, एसडीएम ने की कार्रवाई



**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड के सेरथुआ बाजार स्थित एनएच 83 निर्माण में मुआवजे की मांग को लेकर फोरलेन निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया। घटना की सूचना पर मौके पर एसडीओ एसडीपीओ दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे चार किसानों को हिरासत में ले लिया और निर्माण कार्य को शुरू करा दिया। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। मामला टेहटा ओपी क्षेत्र के सेरथुआ गांव के समीप का है। पीड़ित किसानों का कहना है कि उनकी जमीन और मकान फोरलेन में चली गई है। जिसका वर्ष 2018 में गांव के ही दो व्यक्ति ने फर्जी तरीके से जमीन का मुआवजा अवैध तरीके से निकासी कर लिया था। जिसका उनलोगों ने अधिकारियों के पास लिखित रूप में शिकायत भी किया था । शिकायत मिलने के वावजूद भी आज तक उन्हें जमीन का मुआवजा नही मिला जबकि मकान का मुआवजा उन्हें दी गयी है। जमीन का पैसा नही मिलने से नाराज किसानों ने पटना हाई कोर्ट में केस दर्ज कराया था। जिसका मामला अभी तक चल रहा है। किसानों का कहना है कि इसे लेकर तत्कालीन जिलाधिकारी, भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने लिखित रूप से कहा था कि जब तक आप लोगो को मुआवजा नही मिल जाता तबतक यहां कोई निर्माण कार्य नही होगा। वावजूद इसके पुलिस प्रशासन द्वारा बल पूर्वक कार्य किया जा रहा है। विरोध करने पर चार लोगों को पुलिस ने पिटाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया है।

### शिक्षकों का बकाया वेतन होगा जारी



जहानाबाद। टीईटी एसटीइटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ के बैनर तले विगत 2 मार्च से चले आ रहे शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन के बाद भी जब जिला शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जिसके बाद शिक्षकों ने जिला अध्यक्ष संदीप पासवान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। शाम 6:00 बजे जिला प्रशासन की मध्यस्थता से जिला शिक्षा पदाधिकारी के प्रतिनिधि डीपीओ श्री अनंत कुमार ने दूरभाष के माध्यम से जहानाबाद जिला शिक्षा पदाधिकारी की बात शिक्षकों के प्रतिनिधि श्री रजनधारी शर्मा से करवाई। डीईओ मैडम ने आश्वासन दिया कि एनआईओएस शिक्षकों का एरियर सोमवार को जारी कर दिया जाएगा, साथ ही जिले से इस बाबत एक शुद्धि पत्र भी जारी किया जाएगा। शिक्षकों की होली अब 13 मार्च को मनाई जाएगी, जब जिले से एनआईओएस प्रशिक्षित शिक्षकों का एरियर जारी किया जाएगा। प्रदर्शन में नीलकमल चौधरी, प्रवीण चंद्रा, भूषण प्रसाद सिंह, दानिश अली अकबर, उपेंद्र कुमार, शब्बीर कुरैशी, हर्षित कुमार, परमानंद ओझा, कुमार आनंद, रूबी कुमारी, पंजूम जोहरा, सुधा कुमारी, संगीता कुमारी, प्रिया शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थीं ।

### आशा कार्यकताओं से किया जा रहा सौतेला व्यवहार



जहानाबाद। शहर के शहीद भगत सिंह नगर स्थित भाकपा - माले कार्यालय में शनिवार को जिला उपाध्यक्ष कंचन कुमारी की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नेताओं ने कहा कि कोविड जैसे महामारी में भी आशा कार्यकत्ताओं ने अपनी जान को जोखिम में डालकर सरकार के महाअभियान को सफल बनाया। इसके बावजूद आशा कार्यकर्ता के साथ केंद्र के मोदी सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। वहीं, सरकार सरकारी खजाने को लूट कर अपनी सुख-सुविधा बढ़ाने का मे लगी हुई है। जिला सचिव सुनीता भारती ने कहा कि नीतीश सरकार आशा को वर्ष 2019 में ही अगस्त माह से 1000 रुपए मासिक परितोषिक लागू किया है। जिसको 3 माह का भुगतान कर उसे बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मानदेय 21000 रुपए एवं सरकारी दर्जा लागू नहीं करती है। तब तक सरकार को नींद हराम कर देंगे तथा आने वाला लोकसभा के चुनाव में सबक सिखा देंगे। आगे उन्होंने कहा की राज्य संघ के निर्णय के अनुसार 21 मार्च 2023 को होने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान करते हुए जिले से अधिक से अधिक संख्या में आशा बहनों को पटना चलने के लिए अपील किया।बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव कॉमरेड श्रीनिवास शर्मा ने कहा कि आपकी सारी मांगे सब जायज है उन्होंने आशा कार्यकताओं को विश्वास दिलाया कि आप की मांग पूर्ति हेतु सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री के समक्ष होने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने का आवाहन किया। महासंघ(गोप गुट) के जिला प्रधान सलाहकार राम उदय कुमार ने कहा कि आशा कार्यकर्ता के साथ पदाधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार मानसिक प्रताड़ना करने की घोर निंदा करते हुए जिलाधिकारी से ऐसे पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान आशा कार्यकर्ता संघ के नेता कुमारी सुषमा सिन्हा, बिरण कुमारी,किरण कुमारी,चंपा देवी,निभा कुमारी, सुनीता कुमारी, सहित दर्जनों आशा कार्यकत्ताओं ने संबोधित किया।

## रुपयों की लेनदेन के विवाद में बदमाश ने दो युवकों को मारा चाकू

**केटी न्यूज/आरा**

◆ घायलों में एक का सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

जिलामुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र के मझौवां गांव में शनिवार को पैसे के लेनदेन के विवाद में दो दोस्तों को चाकू मार दिया गया। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में एक का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। दूसरे किशोर का शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ला निवासी रिंकू प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार और सिरकी चौधरी का 16 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार शामिल है।

घायलों के दोस्त आदित्य कुमार के अनुसार पता चला कि मझौवां गांव का शुभम सिंह लोन पास करवाता है और क्यूआर कोड बनाता है। उसके बाद शुभम उनलोगों के पास भी आया और क्यूआर कोड बनाने के नाम पर दोनों लड़कों से साढ़े चार हजार रुपए लिया। एक लाख रुपये का लोन पास कराने के लिए 12500 रुपये भी ले लिया। उसके बाद करीब 10 दिनों से तो वह उन लोगों की कॉल भी रिसीव नहीं कर रहा था। उसे लेकर शनिवार की दोपहर वे लोग पैसे मांगने शुभम के घर मझौवां गए। वहां उसी बात को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई। उसके बाद उस युवक द्वारा दोनों को चाकू घोंप दिया। उससे दोनों जख्मी हो गए। उसके बाद सुनील कुमार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जबकि कृष्णा कुमार को निजी अस्पताल में ले जाया गया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### पूर्व सांसद मीना सिंह भाजपा में होंगी शामिल


सासाराम। जिले के बिक्रमगंज लोकसभा सीट एवं आरा संसदीय क्षेत्र से दो बार जदयू की सांसद रही मीना सिंह रविवार 12 मार्च को भाजपा में शामिल होंगी। अपने बेटे विशाल सिंह के साथ पटना में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा की सदस्यता लेंगी। बता दें कि पूर्व सांसद ने गत 3 मार्च को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। बता दें कि मीना सिंह ने सबसे पहले जदयू के टिकट पर बिक्रमगंज लोकसभा क्षेत्र से 2008 का उपचुनाव लड़ा था और जीती थी। 2009 में 15वीं लोकसभा में भी वे आरा से जदयू के टिकट पर ही चुनाव लड़ी थी और जीती थी। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में वो हार गई थी। 2019 के चुनाव में भाजपा-जदयू के गठबंधन के कारण उनकी लोकसभा सीट भाजपा के खाते में चली गई थी। इसलिए वो चुनाव नहीं लड़ी थी। मीना सिंह का बेटे के साथ भाजपा में शामिल होना जदयू छोड़ना पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

## भोजपुर में शिक्षक के घर हमला कर अपराधियों ने नगदी, जेवर व बाइक लूटी

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नगर थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव में शनिवार की दोपहर में शरारती तत्वों ने एक शिक्षक के घर उत्पात मचाया। शरारती तत्वों द्वारा पहले शिक्षक राजेश कुमार सिंह के घर पर ईंट-पत्थर से हमला किया गया। उसके बाद लूटपाट मचाया गया। बदमाश शिक्षक के घर से नगदी, जेवर और बाइक ले भागे। उनके घर की महिलाओं के साथ मारपीट की गयी। रोड़ेबाजी में शिक्षक का घर भी क्षतिग्रस्त होने की बात कही जा रही है। शिक्षक की ओर से नगर थाने में दिये गये आवेदन में यह आरोप लगाया गया है। उसमें शहर के बिंद टोली के तीन लोगों को आरोपित किया गया है। पूरी घटना बगल के सीसीटीवी में कैद होने की जानकारी दी गयी है। राजेश कुमार सिंह नागालैंड में शिक्षक हैं। वह फिलहाल अपने गांव मझौंवां गांव आये हैं।

आवेदन में कहा गया है कि शनिवार दोपहर एक बजे तीनों आरोपित द्वारा 30-40 लोगों के साथ उनके घर में ईंट-पत्थर से हमला कर दिया गया। आवाज सुनकर वह दरवाजा खोल बाहर निकले। तबतक सभी आरोपित हथियार के साथ घर में घुस गये। उसके बाद उनकी पत्नी और बहू के साथ मारपीट की जाने लगी। उसी दौरान उनकी पत्नी से जबरन आलमारी खुलवा कर 67 हजार नगद और सोने के जेवर लूट लिया। बदमाश जाते-जाते शिक्षक की बाइक भी लेते भागे। शिक्षक के अनुसार भागते समय फायरिंग भी की गयी। इधर, पुलिस मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है।



### डायरिया के लक्षणों को जानकर एवं सही समय पर उचित प्रबंधन बेहद जरूरी

# गर्मी में बच्चों में बढ़ता है निर्जलीकरण व डायरिया का खतरा

❒ कुशल प्रबंधन नहीं होने की स्थिति में डायरिया हो सकता है जानलेवा

**केटी न्यूज/भभुआ**




जिले में अब तल्ख धूप के कारण गर्मी सताने लगी है। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे मौसम में जरा सी लापरवाही बीमारियों को न्योता दे सकती है। ऐसे में लोगों को और सावधान रहने की जरूरत है। खासकर शिशुओं और छोटे बच्चों को। क्योंकि बदलते मौसम और गर्मी के दौरान बच्चों में डायरिया और निर्जलीकरण की शिकायत बढ़ जाती है। डायरिया के कारण बच्चों में अत्यधिक निर्जलीकरण होने से समस्याएं काफी हद तक बढ़ जाती हैं। यहां तक कि इस दौरान कुशल प्रबंधन नहीं होने से यह जानलेवा भी हो जाता है। स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण आंकड़े भी इसे शिशु मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक मानते हैं। सही समय पर डायरिया के लक्षणों को जानकर एवं सही समय पर उचित प्रबंधन कर बच्चों को इस गंभीर रोग से आसानी से सुरक्षित किया जा सकता है।

**बच्चों को डायरिया से बचाया जा सकता है :** प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया, डायरिया के शुरूआती लक्षणों का ध्यान रख माताएं इसकी आसानी से पहचान कर सकती हैं। इससे केवल नवजातों को ही नहीं, बल्कि बड़े बच्चों को भी डायरिया से बचाया जा सकता है। लगातार पतले दस्त आना, बार-बार दस्त के साथ उल्टी का होना, प्यास बढ़ जाना, भूख का कम जाना या खाना नहीं खाना, दस्त के साथ हल्के बुखार का आना व कभी- कभी स्थिति गंभीर हो जाने पर दस्त में खून भी आने लगता है। यहां तक की गंभीर डायरिया बच्चों या वयस्कों को जान खतरा होने की संभावना रहती है।

### सेविका या आशा दीदी से करें संपर्क

डॉ. चौधरी ने बताया कि बार-बार डायरिया या दस्त होने से शरीर में डिहाइड्रेशन हो जाता है। जिसको दूर करने के लिए शिशुओं और बड़े बच्चों को ओरल रीहाइड्रेशन सोल्यूशन (ओआरएस) का घोल पिलाएं। इससे दस्त के कारण पानी के साथ शरीर से निकले जरूरी एल्क्ट्रोलाइट्स (सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड एवं बाईकाबोर्नेट) की कमी को दूर किया जा सकता है। माताएं अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका या अपने इलाके की आशा दीदी से संपर्क कर इस बात की जानकारी ले सकती हैं। साथ ही, उनसे ओआरएस का घोल बनाने की विधि और किस उम्र के बच्चे को इसकी कितनी मात्रा व कितने बार दिया जाना है ये भी जान सकती हैं।



महात्मा गांधी

जिस दिन प्रेम की शक्ति, शक्ति के प्रति प्रेम पर हावी हो जायेगी, दुनिया में अमन आ जायेगा।



## खबरें फटाफट

### अश्लील गीत बजाने का विरोध करने पर पीटा

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरनाहां गांव के एक युवक की पिटाई पड़ोसी गांव गांव कुशलपुर के युवकों ने कर दी है। मामला होली के दिन का है। पीड़ित जयराम राजभर ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि होली के दिन दोपहर बाद पड़ोसी गांव कुशलपुर के 30-40 युवक ठेला पर डीज रख बजाते हुए हमारे गांव के पास चले आए थे। वे लोग अश्लील गीत बजाने के साथ ही छिटाकसी भी कर रहे थे। मैने जब इसका विरोध किया तो सभी एकजुट होकर उसे जमकर पीट दिए। इस घटना में उसका माथा फट गया था तथा शरीर के कई अन्य हिस्सों में भी अंदरूनी चोटें आई है। जयराम ने कुशलपुर के अखिलेश कुमार यादव, विकास कुमार, कमलेश कुमार यादव, प्रदीप कुमार यादव, सोनू कुमार यादव समेत कुल 20 नामजद तथा अन्य अज्ञात युवकों पर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने नामजद अभियुक्तों में एक अभियुक्त डिंकू यादव पिता अवधेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि की है।

### दुकानदार से मारपीट व छिनतई

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में एक सब्जी दुकानदार के दुकान पर आकर कुछ लोगों ने गाली गलौज करने लगे देखते ही देखते सभी लोग मिलकर सब्जी दुकानदार के साथ मारपीट जख्मी कर दुकान में रखा हुआ 10 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। जिसके बाद सब्जी बिक्रेता के लिखित आवेदन पर स्थानीय थाना में कुल आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिक दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जख्मी सब्जी विक्रेता संतोष राम के बयान पर कृष्णाब्रह्म थाना में अमरेश राम, शिव बहादुर राम, पवन राम, श्रवण कुमार राम एवं चार महिलाओं सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# स्पीडी ट्रायल से अपराधियों के छक्के छुड़ा रही बक्सर पुलिस, 49 अभियुक्तों को मिली सजा

**केटी न्यूज/बक्सर**

- फरवरी में चार मामलों में पांच अभियुक्तों को मिल चुकी है सजा
- पॉक्सो के चार तथा एनडीपीएस एक्ट के एक अभियुक्त को पिछले माह मिली सजा

अपराधियों पर लगाम लगाने तथा उन्हें सजा दिलाने में बक्सर पुलिस इन दिनों खासे तत्पर है। जिस कारण अपराधियों में भय व्याप्त हो गया है। पीड़ितो को त्वरित न्याय दिलाने में पुलिस ने स्पीडी ट्रायल को भी धारदार बना दिया है। फरवरी 2023 में इसका नजारा भी देखने को मिला है। इस महीने बक्सर पुलिस ने स्पीडी ट्रायल वाले कुल चार मामलों का निष्पादन कराते हुए पांच अपराधियों को न्यायालय से सजा दिलवाई है। जिसमें सबसे अधिक पॉक्सो एक्ट के चार तथा एनडीपीएस एक्ट के एक मामले शामिल है। वहीं, सामान्य कांडों में पुलिस ने तत्परता तथा मजबूत साक्ष्यों के सहारे 42 मामलों का निष्पादन कराते हुए 44 दोषियों की सजा मुकर्रर करवाई है।

एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार फरवरी में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत धनसोई थाना कांड संख्या 109/21 के अभियुक्त तथा सरेया गांव निवासी महेश कुमार तथा सुनील कुमार को, महिला थाना कांड संख्या 118/20 के अभियुक्त चौसा के सोनू केशरी तथा नगर थाना कांड संख्या 532/14 के अभियुक्त सोहनी पट्टी बक्सर के देवनाथ सिंह का ससमय स्पीडी ट्रायल के तहत सजा दिलाने में महत्वूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावे एनडीपीएस ऐक्ट (मादक पदार्थ की तस्करी) में औद्योगिक थाना कांड संख्या 159/21 के अभियुक्त मझरियां निवासी संतोष कुमार सिंह उर्फ रसगुल्ला को सजा दिलाने में बक्सर पुलिस कामयाब हुई है। स्पीडी ट्रायल संबंधित मुकदमों के निष्पादन में स्पीडी ट्रायल प्रभारी बिगाउ राम की भूमिका की सराहना पुलिस महकमे में हो रही है।

जबकि समय से कांडों का पर्यवेक्षण पूरा कर पुलिस ने 42 समान्य मुकदमों के 44 अभियुक्तों को भी सजा दिलवा अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए है।



सुनवाई करते प्रभारी एसपी

"कांडों के पर्यवेक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों को मजबूत साक्ष्य तथा गवाह तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इन्हीं कारणों से अब अपराधिक मामलों का त्वरित निष्पादन हो रहा है तथा अपराधियों को सजा मिल रही है। पुलिस की इस कार्यशैली से अपराधियों खासकर जघन्य अपराध को अंजाम देने वालों में पुलिस तथा कानून का भय बना हुआ है। इस उपलब्धि के लिए बक्सर पुलिस अधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं।

**- दीपक वर्णवाल, प्रभारी एसपी, बक्सर**



## जीएम व डीआरएम ने बक्सर व चौसा रेलवे स्टेशन के साथ निमाणार्धीन आरओबी का किया निरीक्षण

# चार प्लेटफार्म वाला होगा बक्सर स्टेशन दूसरी जगह शिफ्ट होगा मालगोदाम: जीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

हाजीपुर जोन के जीएम अनुपम शर्मा और दानापुर मंडल के डीआरएम प्रभात रंजन ने शनिवार को बक्सर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने कहा कि बक्सर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है। अगले पांच वर्षो में इस पूरा कर लिया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने बताया कि बक्सर रेलवे स्टेशन के विकास का काम चल रहा है। स्टेशन के भवन का नवीनीकरण भी कराया जाएगा। इसके अलावे नए ट्रैक बिछाने का काम भी किया जाएगा। साथ ही पटना डीडीयू रेलखंड के तेहरीकरण का काम भी चल रहा है। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कर डेवलपमेंट को लेकर स्थानीय अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया गया। जीएम ने कहा कि हावड़ा से दिल्ली के बीच कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के परिचालन को लेकर रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे पटरियों के अलावे एक अलग से रेल लाइन तैयार करने की योजना पर कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि डीडीयू से पटना के बीच बक्सर होते हुए तीसरी रेल लाइन निर्माण का कार्य जल्द शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि बक्सर रेलवे स्टेशन पर चौथे प्लेटफार्म का निर्माण करना है। ताकि, विशेष ट्रेनों के परिचालन शुरू होने के बाद रेल यात्रियों को किसी तरह कोई परेशानी नहीं हो।



स्टेशन का निरीक्षण करते रेल अधिकारी

- पटना डीडीयू रेलखंड के तेहरीकरण का काम जल्द होगा शुरू
- साल के अंत तक आरओबी व फुट ओवर ब्रिज का निर्माण हो जाएगा पूरा

**यात्रियों ने भी खुलकर अपनी रखी समस्या :** डीआरएम ने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से यात्री सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा यह जानने का प्रयास किया कि यात्रियों को किस चीज की कमी खल रही है। जिसे तत्काल पूरा करने की आवश्यकता है। इस दौरान यात्रियों ने भी खुलकर अपनी समस्या रखी। यात्रियों की मुख्य समस्या में स्टेशन परिसर में सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता जैसे मुद्दे रहे। हालांकि निरीक्षण के दौरान पूरा स्टेशन परिसर चकाचक दिख रहा था। डीआरएम के इस निरीक्षण के दौरान बक्सर तथा चौसा स्टेशन प्रबंधनों की मुश्किलें बढ़ी रही। इस दौरान उनके साथ सीनियर डीएसम सरस्वती चंद्रा, बक्सर रेलवे स्टेशन प्रबंधक राजन कुमार, आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार, जीआरपी थानाध्यक्ष, अखिलेश सिंह यादव समेत अन्य रेलकर्मी मौजूद थे।

**स्टेशन के बाहर बेतरतीब टेम्पो खड़ा देख बिफरे डीआरएम :** बक्सर स्टेशन के बाहरी परिसर के निरीक्षण के दौरान डीआरएम स्टेशन के बाहर बेतरतीब तरीके से खड़ी टेम्पो तथा ई-रिक्शा को देख भड़क गए। वे स्थानीय रेल प्रशासन से इस पर लगाम लगाने का निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने टेम्पो चालकों को भी सलीके से टेम्पो खड़ा करने की नसीहत दी और कहां कि स्थानीय प्रशासन को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए। ताकी स्टेशन आने जाने के दौरान यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार आने पर ऐसी स्थिति नहीं दिखनी चाहिए।

### बक्सर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की कवायद शुरू, यात्रियों को मिलेगी सुविधाएं

वहीं, दानापुर मंडल के डीआरएम प्रभात कुमार ने बक्सर तथा चौसा स्टेशनों के साथ ही निमार्णाधीन आरओबी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बक्सर में पत्रकारों के सवालों का जबाव देते हुए कहा कि बक्सर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है। रेलवे द्वारा इसकी तैयारी शुरू कर भी दी गई है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के आउट लुक, रेलवे ट्रैक आदि सबकुछ बदल जाएगा। अगले पांच साल में यह स्टेशन काफी आकर्षक होगा तथा यात्रियों को कई आधुनिक सुविधाएं भी यहां मिलेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वार इस स्टेशन के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यहां यात्री सुविधाए बढ़ाने का प्रयास भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक आरओबी तथा फुट ओवर ब्रिज निर्माण का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### डॉ. बीरेन्द्र राम के आते ही अनुमंडलीय अस्पताल की लौटी रौनक, जुटी मरीजों की भीड़



**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बीरेन्द्र राम शनिवार को अस्पताल पहुंचे। उनके आने की खबर सुनते ही उनके सैकड़ो मरीज अस्पताल पहुंच गए। पहले दिन ही उन्होंने सैकड़ों मरीजों का परीक्षण कर उन्हें जरूरी सलाह व दवाईयां दी। इस दौरान मरीजों में होड़ मची रही। बता दें कि डॉ. बीरेन्द्र राम बीमार होने की वजह से अस्पताल नहीं आ रहे थे। जिस कारण उनके मरीजों में मायूशी छाई हुई थी। उनके नहीं आने से हड्डी तथा नस रोग के मरीज निजी अस्पतालों में जाने को बाध्य हो रहे थे। हालांकि स्वस्थ होने के बाद उन्होंने शनिवार को योगदान किया। बता दें कि डा राम अनुमंडलीय अस्पताल के साथ ही अनुमंडल के सबसे अच्छे हड्डी रोग विशेषज्ञ है। माना जाता है कि अर्थों के मरीजों के लिए वे वरदान है। यही कारण है कि उनके मरीजों की फेहरिस्त काफी लंबी है। लेकिन वे पिछले कई दिनों से अस्पताल नहीं आ रहे थे। जिसका असर अस्पताल में मरीजों की उपस्थिति पर पड़ रहा था। लेकिन शनिवार को अचानक अस्पताल गुलजार होने से अस्पताल कर्मी भी भौचक थे। डॉ. राम ने कहा कि उनका प्रयास मरीजों का बेहतर इलाज करना है। गौरतलब है कि डॉ. राम मरीजों के इलाज के दौरान दवा से अधिक खान पान सुधारने तथा नियमित व्यायाम कराने पर जोर देते है। उनका यह उपाय मरीजों को काफी रास आता है।

### छात्रों को दी जा रही है कंप्यूटर शिक्षा



**डुमरांव।** पुराना भोजपर में भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था समृद्धि वेलफेयर एडुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा हर घर रोजगार मुहैया करने के लिए कम्प्यूटर का कोर्स कराया जा रहा हैं। संस्था के निदेशक अमित पाठक से बातचीत करने के दौरान बताया कि हमारा मिशन हैं हर घर शिक्षा हर घर रोजगार, उन्होंने आगे कहा कि 31 मार्च तक सभी कोर्सेज में 50 प्रतिशत का ऑफर दिया गया हैं। जिससे कि आस पास के छात्र छात्राओं को बेहतर से बेहतर कंप्यूटर कम शुल्क में बेहतरीन शिक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि अभी तक समृद्धि वेलफेयर के द्वारा 20 से अधिक छात्रों कंप्यूटर में दक्ष बना अलग अलग क्षेत्रों रोजगार प्रदान कराया गया हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य इस साल के अंत तक सैकड़ो युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से रोजगार देने का है। अमित की मानें तो संस्था द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा छात्रों को कंप्यूटर का ज्ञान दिया जा रहा है।

### पुलिस ने 69 लिटर शराब किया विनष्ट



**नावानगर।** नावानगर थाना में शनिवार को छह कांडों में जप्त 69 लीटर महुआ शराब को विनष्ट किया गया। साथ ही प्लास्टिक की गैलेन को आग के हवाले पुलिस ने कर दिया। जप्त महुआ शराब कुल 6 कांडों का था। शराब विनष्टीकरण के लिए प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट सह सीओ अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गई। इसकी पुष्टि करते हुए सीओ अजीत कुमार ने बताया कि नावानगर थाना में 6 कांडों में जब्त 69 लीटर महुआ शराब को थाना परिसर में ही गड्ढा खोदने के बाद उसे बहाकर विनष्ट कर दिया गया। शराब विनष्टीकरण के दौरान थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय समेत थाना के सभी पुलिसकर्मी एवं चौकीदार मौजूद थे।

### शिक्षकों ने शुरू किया आमरण अनशन

**बक्सर।** प्रशिक्षित शिक्षकों ने विभिन्न मांगों के समर्थन में शनिवार को अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया। नगर के स्टेशन रोड स्थिते कमलदहे पोखर परिसर के महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष शुरू हुए अनिश्चितकालीन अनशन में शिक्षकों ने अपनी मांगों को मजबूती से रखा। जिसमें जिला के सभी शिक्षकों के 15% वेतन वृद्धि का अंतर बकाया वेतन, नवप्रशिक्षित शिक्षकों का प्रशिक्षित होने के बाद का अंतर बकाया वेतन तथा सभी तरह के बकाया वेतन की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू किया गयो है। आमरण अनशन शनिवार को अपराहने में शुरू किया गया। अनशन प्रशिक्षित शिक्षक कमलेश प्रसाद यादव एवं शिक्षक संघर्ष मोर्चा बक्सर के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया गयो है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर कुमार पाठक एवं संचालन शिक्षक संघर्ष मोर्चा बक्सर के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद के संचालन में शुरू हुआ। शिक्षकों ने बताया कि जिन सुविधाओं की मांग कर रहे हैं वे सुविधाएं अन्य जिला में पहले से मिल रही है। जिला के अलग-अलग प्रखंड के कुछ शिक्षकों को बकाया वेतन का भुगतान हो गयो है। उन शिक्षकों का भुगतान किस मापदंड पर हुआ है। आमरण अनशन के प्रथम दिन शिक्षक अन्न का त्याग कर फल जल का सेवन किए। अनशन पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि अगर अधिकारी हमारी बातों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं करते हैं तो अगले दिन से अन्न एवं जल का त्याग कर अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

## चार दिन बाद भी ठाकुर हत्याकांड के आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**केटी न्यूज/चौगाई**

- होली की शाम अपराधियों ने ठाकुर यादव की गोली मार की थी हत्या

मुरार थाना क्षेत्र के ओझा बरांव गांव में होली की शाम हुए ठाकुर यादव हत्याकांड मामले में चार दिन बीतने के बाद भी एक भी आरोपित को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जख्मी युवक राहुल यादव के पिता बाउल यादव द्वारा विकास यादव सहित नौ लोगों पर प्राथमिक दर्ज कराया गया है। लेकिन आरोपितों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

घटना के बाद पुलिस छापेमारी करने की बात कह जल्द से जल्द आरोपित की गिरफ्तारी की बात कह रही है। लेकिन अब तक पुलिस का हाथ खाली है। आरोपियो के गिरफ्तारी नहीं होने के कारण गांव में तनाव बना हुआ है। हालाँकि पुलिस अभी भी गांव में कैंप कर रही है। मामले में मुरार थानाध्यक्ष रविकान्त प्रसाद ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस टीम छापेमारी कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो की ओझा बरांव गांव में होली की शाम हथियारबंद अपराधियों ने अपने दरवाजे पर बैठे ठाकुर यादव की गोली मार कर हत्या कर दिया था। जबकि उनके भतीजे राहुल यादव को एक गोली मार कर जख्मी कर दिया। जहां उनका इलाज पटना में चल रहा है।

## आरा को 2-1 से पराजित कर बाबा मुंगेश्वरनाथ शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची बक्सर की टीम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- मुंगांव के खेल मैदान में आयोजित हो रही फुटबॉल प्रतियोगिता

मुंगांव कांधी खेल मैदान में चल रहे बाबा मुंगेश्वरनाथ शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाईनल मुकाबले में बक्सर की टीम ने आरा की टीम को 2-1 से पराजित कर दिया है। सर्वोदय क्लब मुंगाव के सौजन्य से चल रहे इस प्रतियोगिता के सेमीफाईनल मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए वाहवाही लूटी।

मध्यांतर के पहले तक स्कोर गोलरहित रहा। लेकिन मध्यांतर के बाद दोनों ही टीमों द्वारा आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आरा के खिलाड़ियों ने शुरूआती गोल कर बक्सर पर 1-0 की बढ़त बनाया। लेकिन इसके बाद बक्सर की टीम ने लगातार दो गोल कर 2-1 की बढ़त बना ली। यही स्कोर निर्धारित समय तक बना रहा।



इसके पहले मैच का उद्घाटन कोरान सराय दुग्ध उत्पाद केंद्र के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, हरेराम उपाध्याय, मुन्ना पांडेय और शिक्षक खलाम उपाध्याय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अपने सबोधन में विनोद सिंह ने कहा कि ऐसे खेलों के आयोजन से युवाओं को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि खेलकूद से युवाओं में टीम भावना विकसित होती है तथा समाज में आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। आयोजन समिति के अग्रणी दिनेश कुमार उर्फ मंगरू ने बताया कि बाबा मुंगेश्वरनाथ के नाम पर यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित हो रही है। मैच के दौरान रेफरी की भूमिका दिनेश कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, शिवजी सिंह और चंदन सिंह ने वखूबी निभाया। मैच के दौरान दर्शकों तथा गणमान्य लोगों द्वारा प्रत्येक गोल पर खिलाड़ियों पर पुरस्कारों की बौछार की जा रही थी। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वावधान में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

# भविष्य की खेती के लिए खतरे की घंटी है रसायन का प्रयोग : डॉ. जगत

**केटी न्यूज/बक्सर**

- प्राकृतिक खेती पर आयोजित सेमिनार में वक्ताओं ने देसी गाय को बताया महत्वपूर्ण
- संयुक्त कृषि भवन में आयोजित हुआ था प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

बक्सर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित संयुक्त कृषि भवन में शनिवार को नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तत्वावधान में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती, भारत सरकार के उप निदेशक डॉ. जगत सिंह, एग्री बिजनेस एक्सपर्ट स्मृति सिंह, नमामि गंगे, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. विनय व डीएओ मनोज कुमार समेत प्रगतिशील कृषकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन अमान अहमद ने किया।

किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. जगत सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती का मुख्य आधार देशी गाय है। प्राकृतिक खेती में गोबर का खाद, कम्पोस्ट, जीवाणु खाद, फसल अवशेष और प्रकृति में उपलब्ध खनिज जैसे रॉक फॉस्फेट, जिप्सम आदि द्वारा पौधों को पोषण तत्व दिये जाते हैं। प्राकृतिक खेती में प्रकृति में उपलब्ध जीवाणुओं, मित्र कीट तथा जैविक कीटनाशक द्वारा फसल को हानिकारण जीवाणुओं से बचाया जाता है। उन्होंने बताया कि रासायनिक खेती से मृदा के स्वरुप में काफी बदलाव हुआ है, जो भविष्य की खेती के लिए खतरे की घंटी है साथ ही प्रकृति में तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में काफी गिरावट आई है। इससे निजात हेतु प्राकृतिक खेती मिल का पत्थर साबित होगा। स्मृति सिंह ने प्राकृतिक खेती द्वारा उत्पादित उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को बाजार के लिए कृषक उत्पादक संगठन से जोड़ कर विस्तृत बाजार मुहैया कराया जायेगा। डॉ विनय द्वारा प्राकृतिक खेती के महत्व पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में लागत कम तथा मुनाफा अधिक है, जिससे प्राकृतिक खेती काफी लाभप्रद है। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने किसानों के बीच प्राकृतिक खेती को वर्तमान समय के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज के कारण बक्सर जिला सर्वाधिक सेंसिटिव माना गया है। इस मौके पर आत्मा की उप परियोजना निदेशक बेबी कुमारी, सहायक निदेशक, प्रक्षेत्र शेखर किशोर, आत्माकर्मी रघुकुल तिलक, विकास कुमार राय, चंदन कुमार सिंह समेत कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं प्रगतिशील कृषक मौजूद थे।




कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

## खबरें फटाफट

### 23 सालों से फरार डबल मर्डर केस का वांछित गिरफ्तार

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 सालों से फरार चल रहे हत्यारोपी रामदुलार राजभर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी डबल मर्डर केस में वांछित था और पुलिस ने उसके ऊपर 25000 का इनाम घोषित किया था। फिलहाल रेवतीपुर थाना पुलिस ने वांछित हिस्ट्रीशीटर को रेवतीपुर और नगसर बॉर्डर से 780 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को बीते कई सालों से इस अभियुक्त की तलाश थी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि लगभग 23 साल पहले क्षेत्र में हुए जातीय संघर्ष के दौरान 3 लोगों की हत्या हुई थी। इनमें से दो हत्याओं का आरोपी वारदात के बाद से ही फरार था। फरार आरोपी रामदुलार राजभर पर 25000 का इनाम भी घोषित था। रामदुलार हत्या करने के बाद बिहार भाग गया था और कैमूर जिले में जाकर नारकोटिक्स के धंधे में जुड़ गया था।

### बलिया में ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत

**बलिया।** नगर के चित्तू पांडेय चौराहा स्थित रेलवे कांसिंग के समीप अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव का शिनाख्त के लिए काफी प्रयास किया लेकिन अभी तक शव का शिनाख्त नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिससे तत्काल उपचार के लिए जीआरपी थाना पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात शव की शिनाख्त के काफी प्रयास किया परन्तु उन्हें सफलता नहीं मिली।

# ताड़ीघाट मऊ नवनिर्मित रेललाइन का मोटो ट्राली चला किया गया सफल परीक्षण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सुहवल थाना क्षेत्र के स्थित ताड़ीघाट मऊ नवनिर्मित रेल लाइन का शुक्रवार को एनएईआर वाराणसी मंडल के सीनियर डीईएन क्वार्डिनेशन वरिष्ठ मंडल अभियंता द्वारा मोटो ट्राली के द्वारा सफल परीक्षण किया गया। इस दौरान एनएईआर वाराणसी मंडल के सीनियर डीईएन क्वार्डिनेशन (वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय) राकेश रंजन एवं आरबीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा द्वारा ताड़ीघाट- मऊ नई रेल लाइन का शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के द्वारा डीजल इंजन ट्रायल परीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारी द्वय घाट स्टेशन स्थित गेस्ट हाउस पहुंचे। उन्होंने परियोजना के बाबत कांफ्रेंस हाल में मातहतों संग अब तक हुए कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम से पहले चरण की परियोजना के हरेक प्वाइंट के बारे में प्रजेंटेशन दिया गया। साथ ही सख्त निर्देश दिया कि शनिवार को होने वाले डीजल इंजन ट्रायल परीक्षण में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए।





इस दौरान सिटी स्टेशन सुखदेवपुर, झिंगुरपट्टी, चकफैज, होते हुए मोटो ट्राली से गंगा नदी पर बने रेल सह सडक पुल का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने लगे वैयरिंग, ज्वांइटो, लगाई जा रही नई रेल लाइन आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही सीधे मोटी ट्राली से ही सोनवल के लिए जगह जगह निरीक्षण करते हुए पहुंचे। उन्होंने इलेक्ट्रिफिकेशन, सिग्नल आदि के कामों का जायजा लेने के साथ ही सुरक्षा के बाबत भी जानकारी ली।

### 14 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था परियोजना का शिलान्यास

इस परियोजना का शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी ने 14 नवंबर 2016 को किया था। इसकी लागत 1766 करोड़ है। इसमें अब तक 1400 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। इस परियोजना का मुख्य संरक्षा आयुक्त मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में निरीक्षण करेगें। उनके हरी झंडी मिलने के बाद यह नया रूट पर ट्रेन परिचालन के लिए तैयार हो जाएगा। इसके चालू होते ही यह नया रूट हावड़ा- दिल्ली मेन लाइन व गोरखपुर-छपरा मेन लाइन से जुड जाएगा। उम्मीद है कि इस नए परियोजना का प्रधानमंत्री जल्द ही उद्घाटन करेगें। इस संबंध में आरबीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा एवं एनएईआर वाराणसी मंडल के सीनियर डीईएन क्वार्डिनेशन राकेश रंजन ने बताया कि शनिवार को डीजल इंजन ट्रायल सुनिश्चित है, जो सिटी से लेकर सोनवल पर किया जाएगा। इस अवसर पर पीडी जीवेश ठाकुर, सुनिल सिंह, अजय राय ,मैनेजर पवन कुमार सिंह, असिस्टेंट मैनेजर रितेश कुमार,राकेश कुमार,डीडी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### थाना दिवस : गाजीपुर डीएम व एसपी ने भुड़कुड़ा थाने में सुनी पीड़ितों की फरियाद

# भूमि पर अवैध कब्जा करनेवालों पर एंटी भू माफिया एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया**

शासन के निर्देश पर द्वितीय शनिवार को थाना दिवस के मौके पर डीएम आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना भुड़कुड़ में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर भुड़कुड़ में आठ फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के विरूद्ध एंटी भू माफिया एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्रवाई करें और गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मोबाइल नम्बर अपने पास रखें तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण न किए जाने पर संबन्धित लेखपाल एंव सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। थाना दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक तथा थाने पर हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी भुडकुडा, थाना प्रभारी, लेखपाल एवं अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से संबन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





**थाना दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं**

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने गढ़वार थाने में थाना दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी लेखपालों को निर्देश दिया कि किसी भी मामले की जांच संयुक्त टीम बनाकर की जाए, जिसमें राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के लोग शामिल हो। सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित हैं, जिसमें आपसी मारपीट और जमीनी विवाद हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि थाना दिवस का महत्व तभी है जब समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने भी निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी घटना पर तुरंत वहां पहुंचे और मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही करें। जो भी गलत पाया जाए उस पर कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

### पूर्वांचल विश्वविद्यालय की बीएड की परीक्षाएं शुरू



**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में चल रही पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के क्रम में शनिवार को बीएड की परीक्षाएं प्रारंभ हुई। जिसमें स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 22 बीएड महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शनिवार को सायं की पाली में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर प्रथम प्रश्न- पत्र की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 1954 परीक्षार्थियों में 1925 उपस्थित एवं 29 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षाओं की सूचिता एवं पारदर्शिता को लेकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा विभाग, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संपर्क में है। सूचिता एवं पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा देने के लिए महाविद्यालय परिसर के गेट से घुसते समय छात्र-छात्राओं को किसी भी तरीके के किसी अनुचित साधन का प्रयोग न करने की हिदायत दी जा रही है। नकल करते पकड़े गए विद्यार्थियों के खिलाफ विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है। आंतरिक उड़का दल के सदस्य के रूप में प्रोफे०(डॉ०) एस. डी. सिंह परिहार, प्रोफे० (डॉ०) अरूण कुमार यादव, प्रोफे०(डॉ०) रविशंकर सिंह, डॉक्टर बद्रीनाथ सिंह, डॉक्टर अनुराग सिंह, डॉक्टर आर.पी.सिंह, डॉक्टर शिप्रा श्रीवास्तवा आदि उपस्थित रहे।

### कार का टायर फटने से घायल साइकिल सवार युवक की इलाज के दौरान मौत

**मऊ।** मारुति कार का अचानक टायर फटने से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से भी आवश्यक उपचार के बाद उसे वाराणसी के लिए रेफर किया गया। जहां शनिवार की प्रातः लगभग 4:00 उसकी मौत हो गई। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। यह घटना रतनपुरा पश्चिमी पेट्रोल पंप डीहतिलक ठाकुर पर शुक्रवार कि देर सायं की है। हलधरपुर थाना क्षेत्र के मेऊड़ी कला ग्राम पंचायत निवासी राम अवध 55 बर्ष पुत्र स्वर्गीय सुदामा राजमिस्त्री का कार्य करते शुक्रवार को अपना काम निपटा कर देर शाम रतनपुरा बाजार से अपने घर मेऊडीकला के लिए साइकिल से चला जैसे ही वह डीह तिलक ठाकुर पश्चिमी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ठीक उसी समय विपरीत दिशा से आ रही मारुति कार का टायर अचानक फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित हो गई और साईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोगापुर पहुंचाया। बाद में वाराणसी में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### फोन पे से पैसा नहीं लेने पर चाय विक्रेता को मनबढ़ युवकों ने पीटा, केस दर्ज

**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के पलहीपुर चट्टी पर शुक्रवार की देर शाम चाय व मिठाई दुकानदार अच्छेलाल राजभर (45), पप्पू राजभर (35), अभिषेक राजभर (13) को लाठी -डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। सभी घायलों का उपचार मरदह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया। अच्छेलाल राजभर की हालत गम्भीर होने पर जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है। स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त विवरण के अनुसार अच्छेलाल राजभर की दुकान पर हमलावर 20 रुपये का सामान खरीद कर फोन पे से रुपये ले लेने का दबाव बनाने लगे। जब दुकानदार ने फोन पे से रुपये लेने में असमर्थता व्यक्त करते हुए नकद देने की बात की, तब सभी आधा दर्जन की संख्या में मौजूद मनबढ़ युवक गाली गलौज शुरू कर दिए। दुकानदार ने विरोध किया तो लाठी -डंडे से मारपीट करने लगे। तभी बीच बचाव करने पहुंचे पप्पू राजभर व अभिषेक राजभर को भी मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों की मदद से तीनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह -तरह की चर्चा हो रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बरहीं गांव निवासी शुभम कुमार यादव, शिवम यादव, रमेश यादव, प्रदीप यादव, मनीष यादव, कन्हैया यादव के खिलाफ पप्पू राजभर के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

### जिलाधिकारी ने गो-आश्रय का किया निरीक्षण

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बृहद गो-आश्रय स्थल ,बछईपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि वहां पर गोवंश के पशु संख्या के अनुरूप उपस्थित नहीं है। उनके द्वारा पूछे जाने पर पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया गया कि यहां पर 201 पशु है। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि 15 दिन के अंदर उन्हें कारण बताएं कि 8 पशुओं की मृत्यु कैसे हुई। इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द उनके सामने प्रस्तुत की जाए। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ चार्जसीट जारी करने का निर्देश एसडीएम रसड़ा और वीडियो को दिया। जिलाधिकारी ने कहा की अगर इस प्रकार की घटना दोबारा होती है तो संबंधित सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# हाईटेक होगा एआरटीओ कार्यालय बलिया

- परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पहल पर शासन ने 198.43 लाख रु की धनराशि की है स्वीकृत

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले का सहायक संभागीय कार्यालय अब हाईटेक होगा। इसके लिए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पहल पर शासन ने 198.43 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृति की है। एआरटीओ कार्यालय के नवीनीकरण कार्य को आरंभ करने के लिए शासन ने 30.98 लाख रुपये की पहली किश्त भेज दी है। लोक निर्माण विभाग वृत्त खंड की जिला इकाई द्वारा कार्य कराया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही निविदा निकाली जाएगी।

इस संबंध में शासन के विशेष सचिव केपी सिंह ने परिवहन आयुक्त को नौ मार्च को पत्र लिख कर निर्देशित किया है। पत्र में विशेष सचिव ने उल्लेख किया है कि एआरटीओ कार्यालय, बलिया में कार्यालय भवन की विशेष मरम्मत के अलावा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए रिकार्ड रुम का भी बनाया जाए। इसके अलावा कार्यालय परिसर में बाउंडरीवॉल का उच्चीकरण, बरसात के दिनों में होने वाले जलजमाव की समस्या से निजात के लिए जल निकासी की व्यवस्था, सैनिटेशन की उच्चस्तरीय व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही एआरटीओ कार्यालय को अत्याधुनिक लुक देने के लिए उच्च स्तरीय फॉल सिलिंग और कार्यालय भवन की रंगाई-पुताई भी कराई जाएगी। कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के उद्देश्य से शासन ने कुल धनराशि में से करीब 30.98 लाख रुपये की पहली किश्त भी भेज दी है।




एआरटीओ अरूण कुमार राय ने बताया कि कार्य भवन के आधुनिकीकरण के साथ ही बाउंडरीवॉल के उच्चीकरण, सैनिटेशन, जलनिकासी आदि कार्यों के लिए शासन एक करोड़ 98 लाख 43 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृति की है। इसमें 30 लाख 98 हजार रुपये की पहली किश्त प्राप्त हो गई है।

# मऊ में बाइक सवार दो बदमाश दंपती से नकदी सहित जेवरात लूटकर फरार

**केटी न्यूज/मऊ**

सरायलखंसी थाना क्षेत्र के ऑफिसर कॉलोनी भुजौटी के पास शुक्रवार की देर रात करीब आठ बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने दंपती से नकदी सहित जेवरात लूट कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने फोन कर घटना की जानकारी पुलिस को दी, वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी गई।

मिली जानकारी के मुताबिक आजमगढ़ जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के मोहन सराय निवासी दंपती संदीप राय अपनी पत्नी नीतू राय के साथ कोपागंज थाना क्षेत्र के लाडनपुर में अपने रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे थे। रोडवेज से दोनों आटो द्वारा जैसे ही वाराणसी-गोरखपुर राजमार्ग पर लाडनपुर जाने के लिए उतरे। तभी अचानक एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश महिला का पर्स लूट कर फरार हो गए। महिला शोर मचाने लगी, जब तक आस-पास के लोग पहुंचते तब तक बदमाश वहां से भाग गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी डायल 112 को दी। महिला ने बताया कि पर्स में एक हजार रुपया नकद, एक एंड्रायड मोबाइल और सोने के दो नग आभूषण, हार और अंगूठी थी। इस बाबत थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि नकाबपोश बदमाशों द्वारा लूट किया गया है। दंपती द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।



### शनिवार को हुआ अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन व आपत्ति दाखिल करने की तिथि 12 मार्च निर्धारित

# 19 मार्च को सभापति, उपसभापति व अन्य समितियों के प्रतिनिधियों का होगा चुनाव

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

प्राधिकृत अधिकारी/जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के आदेश पर 31 मार्च 2023 द्वारा जनपद की सहकारिता, आवास, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसंरकरण, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग, खादी तथा ग्रामोद्योग, दुग्ध, रेशम तथा उद्योग विभाग की प्रारम्भिक सहकारी समितियों के प्रबंध कर्मी के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 18 मार्च 2023 तथा सभापति, उपसभापति एवं अन्य समितियों के प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए 19 मार्च 2023 की तिथियॉं निर्धारित की गई है। जिसमें अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन 11 मार्च 2023 को, अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करने की तिथि 12 मार्च 2023 को समय दस से दो बजे तक समिति कार्यालय पर, मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण एवं अन्तिम मतदाता सूची की तिथि 13 मार्च 2023 को समय 10.00 से 03.00 बजे तक समिति कार्यालय पर, नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करने का दिनांक 14.03.2023 को समय 10.00 से 04.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय पर, नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण की तिथि 15.03.2023 को समय 10.00 से 03.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय पर, वैध नाम-निर्देशन का प्रदर्शन दिनांक 15.03.2023 को समय 03.00 से 05.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय पर, नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लिया जाना का दिनांक 16.03.2023 को समय 10.00 से 01.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय पर, अंतिम नाम निर्देशन का प्रदर्शन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन का दिनांक 16.03.2023 को समय 01.00 से 05.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय पर, मतदान तिथि 18 मार्च को समय 10.00 से 04.00 बजे तक समिति कार्यालय पर, मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तिथि 18.03.2023 को समय मतदान समाप्त होने के पश्चात घोषणा होने तक समिति कार्यालय पर किया जाएगा। इसी क्रम में सभापति उपसभापति तथा अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की तिथिवार जिसमें अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन 19 मार्च को समय 10.00 से 09 बजे तक, अंतिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करने समय 10.00 से 09.30 बजे तक, मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण का समय 09.30 से 10.30 बजे तक, अन्तिम मतदाता सूची का समय 10.30 से 11.00 बजे तक समिति कार्यालय पर, नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करने का समय 11.00 से 12.00 बजे तक, नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण का समय 12.00 से 12.30 बजे तक, वैध नाम-निर्देशन का प्रदर्शन का समय 12.30 से 01.30 बजे तक, नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लिया जाने का समय 01.30 बजे से दो बजे तक, अंतिम नाम निर्देशन का प्रदर्शन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन का समय 02.00 से 02.30 बजे तक, मतदान का समय 03.00 से 04.00 बजे तक समिति कार्यालय पर होगा।

